आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 29.03.2024 समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नाम वापसी का कल आखिरी दिन–शाम तक होगी चुनावी मैदान की तस्वीर साफ।
- प्रदेश में स्वीप गतिविधियों के तहत आज भी कई कार्यक्रम आयोजित।
- सरकारी ई–मार्केट पोर्टल, जेएम पर चालू वित्त वर्ष में 4 लाख करोड रूपये का रिकॉर्ड कारोबार –पिछले साल की तुलना में 205 प्रतिशत की बढोतरी।
- गुडफ्राइडे पर आज गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं–राजस्थान दिवस पर कल होगें कई कार्यक्रम।

000

प्रदेश में लोकसभा के 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए नाम वापस लेने की कल आखिरी तारीख है। कल शाम इस चरण के लिए चुनावी मैदान की तस्वीर साफ हो जाएगी। अब तक प्रदेश में 2 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिये हैं। दोनों प्रत्याशी जयपुर ग्रामीण से हैं। वहीं 8 प्रत्याशियों के पर्चों को निर्वाचन आयोग ने खारिज कर दिया है। इस बीच दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज 3 उम्मीदवारों ने नामजदगी के पर्चे दाखिल किये हैं। इनमें अजमेर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रामचन्द्र चौधरी ने चार नामांकन भरे। गौरतलब है कि प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के लिए 2 चरण में वोट डाले जायेंगे। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। इसमें जयपुर सहित 12 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

000

राज्य में शत–प्रतिशत मतदान के लिए चलायी जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत आज भी कई जगह कार्यक्रम आयोजित किये गये। हनुमानगढ में मतदाता जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान छात्राओं ने मतदान का संदेश देते हुए नाटक का मंचन किया। वहीं मूकबधिर और अंध विद्यालय के छात्रों ने मैं भारत हूॅ गीत पर प्रस्तुति दी। इस दौरान लोगों को मतदान की शपथ दिलायी गई। बाडमेर के आदर्श स्टेडियम में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीलवाड़ा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जोधपुर में भी महिलाओं ने लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। सांचौर के भीनमाल, सरनाउ, पंचायत समिति की कई ग्राम पंचायतों में आज स्वीप गतिविधियों के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

000

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में 19 अप्रैल को और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस बीच निर्वाचन विभाग ने पहले चरण की एकीकृत मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। 12 लोकसभा क्षेत्रों में ढाई करोड से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 304 थर्ड जेण्डर मतदाता भी शामिल हैं। इसके अलावा लगभग आठ लाख नवमतदाता भी वोट डालेगे। श्री गुप्ता ने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए कुल 24 हजार 370 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

000

निर्वाचन आयोग का सी विजिल ऐप मतददाताओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। आम चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक इस शिकायती ऐप पर 79 हजार से अधिक आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों को दर्ज

किया गया है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर लिया गया है। गौरतलब है कि सी–विजिल एप आम लोगों को आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन के मामलो की शिकायत निर्वाचन आयोग को सीधे पहुंचाने का अधिकार देता है।

000

आम चुनाव से पहले प्रदेश में अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कडी में आज निगरानी दल ने नावा के पास एक कार से साढे पैंतालीस किलो डोडा पोस्त बरामद किया।

...............

डूंगरपुर जिले की बिछीवाडा में निर्वाचन विभाग की टीम ने रतनपुर बार्डर पर एक गाडी से अवैध रूप से ले जाई जा रही 10 किलो चांदी जब्त की है।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश बाडमेर जिले कें श्रोता जितेन्द्र चौधरी ने भेजा है –

...................

सरकारी ई–मार्केट केन्द्र जेएम पर चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड चार लाख करोड रुपये का सकल कारोबार हुआ है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दोगुना है। आज नई दिल्ली में जेएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.के सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि इससे पोर्टल की अनूठी डिजिटल क्षमताओं और कार्यक्षमताओं का पता चलता है। इससे पुष्टि हुई है कि सार्वजनिक खरीद में ज्यादा दक्षता, पारदर्शिता और बिना किसी बाधा के कारोबार होता है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में जेएम पर सेवाओं की खरीद की तुलना में इस वर्ष दो सौ पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

000

गुड फ्राइडे पर आज प्रदेशभर के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। ईसाई समुदाय में आज के दिन का विशेष महत्व माना जाता है। यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर चढाया गया था। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और ईस्टर फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। ईसाई समुदाय के लोगों ने मानव कल्याण में प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया। टोंक में इस अवसर पर विशेष आयोजन रखे गये। सवाईमाधोपुर में भी गिरिजाघरों में विशेष सभाओं का आयोजन किया गया। अजमेर स्थित चर्चों में भी सुबह से ही लोगों ने मोमबत्ती जलाकर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। राजधानी जयपुर के सभी गिरिजाघरों में सामूहिक प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इस बीच दो दिन बाद आने वाले रविवार को यीशु मसीह के पुनः जीवित होने पर ईस्टर के त्योहार को लेकर भी ईसाइयों में उल्लास देखा जा रहा है।

000

राजस्थान राज्य कल अपनी स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनायेगा। 30 मार्च, 1949 को जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर रियासतें, लोकतंत्र में आस्था जताते हुए वृहद राजस्थान में शामिल हुई थी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान नाम ही मन में गौरव की अनुभूति कराने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कण कण में त्याग, तपस्या और बलिदान की गाथाएं शामिल है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी राजस्थान दिवस की बधाई देते हुए यहां की सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने का प्रदेशवासियों से आह्वान किया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम

आयोजित किये जायेगें। बूंदी में पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। हमारे बूंदी संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरूआत 84 खम्भों की छतरी से होगी।

000

आज कैंसर निदान दिवस के अवसर पर इस रोग के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये। आज का दिन उन लोगों को समर्पित रहता है जिन्होंने इस बीमारी से डटकर मुकाबला कर जीत हासिल की है। जयपुर में इस मौके पर भगवान  महावीर कैंसर अस्पताल की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कैंसर रोग के उपचार के लिए प्रभावी प्रयास करने और पूर्व पहचान के लिए अभियान चलाने का आह्वान किया।  राज्यपाल ने कहा कि कैंसर विजेताओं के अनुभव से जुड़ी सफलता की कहानियों का अधिक से अधिक प्रचार किया जाना जरूरी है जिससे दूसरे मरीजों को भी हिम्मत मिल सके। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आये कैंसर विजेताओं ने अपने अनुभव साझा किये।

000

केन्द्र सरकार ने गेहूं के भंडारण को अनिवार्य रूप से घोषित करने का आदेश दिया है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों और थोक तथा खुदरा विक्रेताओं को एक अप्रैल से अगले आदेश तक गेहूं की अपनी भंडारण की स्थिति घोषित करनी होगी। देश में समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी तथा सट्टेबाजी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि चावल भंडारण की घोषणा पहले से ही लागू है।

000